राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा में सात दिवसीय कैंप के उद्घाटन समारोह का आयोजन

करनाल(मेहर सिंह)। राजकीय महिला महाविद्यालय, घरौंडा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी तथा कार्यवाहक प्राचार्या कमलेश रानी के कुशल नेतृत्व और एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय कैंप के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। सात दिवसीय शिविर का मुख्य विषय आत्मनिर्भर भारत है। शिविर के उद्घाटन समारोह में बाबा फतेह सिंह राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि ने स्वयं सेविकाओं से इतिहास के प्रमुख व्यक्तित्व डॉ.भीमराव अम्बेडकर, कबीर दास ,गुरु नानक देव ,सावित्रीबाई फुले और विवेकानंद जी के बारे में चर्चा की तथा अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि सामाजिक परिवर्तन के लिए हमारा जागरूक होना बहुत जरूरी है। हम समाज में समानता तभी ला सकते है जब हम सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बच्चों को ऐसी गतिविधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया तथा अच्छे भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने अपने वक्तव्य में स्वयं सेविकाओं को बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना समाज की भलाई और सेवा के लिए किस प्रकार प्रयासरत है और छात्राएं किस प्रकार अपने व्यक्तित्व और समाज के विकास में योगदान दे सकती हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक नरेश सिंह ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए उनके सात दिवसीय शिविर के उद्घाटन समारोह पर आगमन के लिए धन्यवाद दिया तथा स्वयं सेविकाओं को पूरी तत्परता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुराधा ने मंच का संचालन किया तथा सात दिवसीय शिविर की विभिन्न गतिविधियों से परिचित करवाया। आज शिविर के प्रथम दिन स्वयं सेविकाओं ने अपने आवासीय स्थल की सफाई की तथा उसे सजाया। उद्घाटन समारोह में विभिन्न स्वयंसेविकाओं के द्वारा अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। शिविर के प्रथम दिन सहायक प्रवक्ता पवन कुमार , डॉ .मीनू आनंद, रेणु कुमारी तथा अपूर्वा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।